कार्यालय वनमंडल अधिकारी, दक्षिण सागर (सा.) वनमंडल, सागर

E-mail – dfotssagar@mp.gov.in Tele.No. (07582) 236215

क्रमांक / स्टेनो / राज.वाहन / 2026 / 1583 सागर, दिनांक 21-4-26

प्रति,

आयुक्त,
जनसंपर्क
जनसंपर्क भवन वाणगंगा मार्ग रोशनपुरा
म.प्र. भोपाल।

विषय :– **अंतिम रूप से राजसात वाहनों के निविदा द्वारा निर्वतन की विज्ञप्ति के प्रकाशन बावत्।**

––000––

उपरोक्त विषयान्तर्गत वनमण्डल दक्षिण सागर के अंतर्गत अंतिम रूप से राजसात वाहनों का निविदा पद्धति द्वारा प्रथम निविदा चक्र दिनांक 30.04.2026 द्वितीय निविदा चक्र दिनांक 05.05.26 एंव तृतीय निविदा चक्र दिनांक 12.05.2026 को किया जाना है जिसकी विज्ञप्ति पांच प्रतियों में आपकी ओर संलग्न प्रेषित की जा रही है। कृपया इसका प्रकाशन प्रदेश के मुख्य समाचार पत्रों में दिनाक 25.04.26 के पूर्व प्रकाशित कराने की कृपा करें।

संलग्नः– विज्ञप्ति पांच प्रतियों में

वनमंडल अधिकारी
दक्षिण वनमंडल सागर

क्रमांक / स्टेनो / वाहन राज. / 26 / 1584 सागर, दिनांक 21-4-26

प्रतिलिपि :–

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सूचना प्रौद्योगिकी) मध्यप्रदेश भोपाल की ओर सूचनार्थ कर निवेदन है कि अंतिम रूप से राजसात वाहनों के प्रकाशन हेतु सूची संलग्न है। कृपया इस विज्ञापन को मध्यप्रदेश शासन वन विभाग की वैब साईट mpforest.gov.in पर दिनांक 25.04.26 के पूर्व अपलोड कराने का अनुरोध है।
2. वन संरक्षक सागर वृत्त सागर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. समस्त वनपरिक्षेत्र अधिकारियों की सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

वनमंडल अधिकारी
दक्षिण वनमंडल सागर

कार्यालय वनमंडल अधिकारी, दक्षिण सागर (सा.) वनमंडल, सागर

E-mail – dfotssagar@mp.gov.in Tele.No. (07582) 236215

// अंतिम रूप से राजसात वाहनों के निवर्तन हेतु निविदाएं आमंत्रित बावत्। //

वनमण्डल दक्षिण सागर के अंतर्गत आने वाले वनपरिक्षेत्रों में वन अपराध प्रकरणों में जप्त, अंतिम रूप से राजसात वाहनों का निवर्तन ''जहां है, जैसा है'' के आधार पर दिनांक 30.04.2026 को समय 12:00 बजे तक निविदाए आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिवस सांय . 04:00 बजे निविदाकारों के समक्ष वनमण्डल कार्यालय दक्षिण सागर में खोला जावेगा। वाहनो का विवरण एवं सूची वनमंडल कार्यालय में चश्पा की जायेगी एवं वन विभाग के पोर्टल पर भी अपलोड कि जायेगी। निविदा फार्म प्राप्ति हेतु कार्यालय में आवेदन फॉर्म के साथ राशि 100/- रू का बैंक ड्राफ्ट दिनांक 30.4.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकते है। फार्म में प्रवृष्टियां पूर्ण कर जमानत के तौर पर दोपहिया वाहनों हेतु रू 1,000/- प्रति वाहन एंव तीन पहिया या अधिक पहिया के वाहन हेतु रू. 10,000/- प्रति वाहन की दर से सत्यांकार की राशि का बैंक ड्राफ्ट जो कि वनमण्डल अधिकारी दक्षिण सागर के नाम से सागर स्थित राष्ट्रीयकृत बैंक से देय हो, फार्म के साथ प्रत्येक वाहन हेतु अलग–अलग प्रस्तुत करेंगें। प्रथम निविदा चक्र में निर्धारित मापदण्ड पूर्ण न होने पर द्वितीय निविदा चक्र दिनांक 05.05.26 तृतीय निविदा चक्र दिनांक 12.05.2026 को पूर्व निर्धारित समय में निविदाए आमंत्रित की जावेगीं। फॉर्म कार्यालयीन समय में कार्या. से प्रदाय किए जावेगें। किसी भी निविदा में पूर्ण वाहन विक्रय होने पर आगामी निविदा स्वतः निरस्त मानी जावेगी। जिसकी सूचना कार्यालय में चस्पा की जावेगी। शर्ते यथावत रहेगीं। वाहनो का विवरण, शर्तें वनविभाग के पोर्टल mpforest.gov.in एंव कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल दक्षिण सागर कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है। उक्त सूची अनुसार वाहन का अवलोकन करने हेतु संबंधित वनपरिक्षेत्र अधिकारी से संपर्क कर कार्यालयीन समय में वाहन देख सकते है।

वनमंडल अधिकारी
दक्षिण वनमंडल सागर